बुधवार

14 दिसंबर, 2022

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




पुलिस-प्रशासन की लापरवाही ने ले ली सत्येंद्र की जान 3



### महागठबंधन विधानमंडल दल की बैठक में सीएम नीतीश का ऐलान

# तेजस्वी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा 2025 का चुनाव



महागठबंधन विधानमंडल दल की बैठक में उपस्थित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव व अन्य।

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को महागठबंधन विधानमंडल दल की बैठक खत्म होने के बादबड़ा ऐलान किया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि वर्ष 2025 का विधानसभा चुनाव तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि वह प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नहीं हैं। वह सबके साथ मिलकर बीजेपी को हटाना चाहते हैं। सीएम नीतीश ने अचानक से एनडीए का दामन छोड़कर महागठबंधन के साथ मिलकर सरकार बनाने की घोषणा कर दी थी। इससे बिहार की राजनीति में भूचाल आ गया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर से ऐसी बात कही है, जिससे प्रदेश की राजनीति के गरमाने की संभावना है।

मंगलवार को राजधानी पटना में महागठबंधन विधानमंडल दल की बैठक बुलाई गई थी। बैठक में सीएम नीतीश ने शराबबंदी को लेकर की जा रही बयानबाजी पर भी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने विधायक दल के नेता अजीत शर्मा और अन्य विधायकों को नसीहत भी दी। सीएम नीतीश ने कहा, शराबबंदी पर जो लोग अनाप-शनाप बोल रहे हैं, क्या उन्हें यह बात नहीं मालूम है कि सबकी सहमति के बाद शराबबंदी लागू की गई थी। शराबबंदी पर अनाप-शनाप बोलने से अच्छा है कि उसे कैसे प्रभावी बनाया जाए, इस पर काम किया जाए।

मंगलवार को नीतीश ने पूरी तरह साफ कर दिया कि बिहार विधानसभा का चुनाव उनके नेतृत्व में नहीं लड़ा जाएगा। इससे पहले नालंदा में भी सोमवार को डेंटल कॉलेज के उद्घाटन में नीतीश कुमार ने कहा था कि अब तेजस्वी जी आगे बढ़ाना है। हमको तो जितना करना था, वो कर दिए। अब इनसे एक-एक काम करवाना है। इसके लिए अब ये सबकुछ देख रहे हैं, समझ रहे हैं। एक-एक काम करने की कोशिश कर रहे हैं। इस दौरान डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा कि हम लोग नीतीश जी के नेतृत्व में हरसंभव कदम उठा रहे हैं। बेसिक एमेनिटीज, पढ़ाई, दवाई और कमाई को दुरुस्त करने पर काम किया जा रहा है।

### हम शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार को लेकर संकल्पित : तेजस्वी

महागठबंधन विधानमंडल दल की बैठक में जदयू, राजद कांग्रेस, लेफ्ट की सभी पार्टियों के विधायकों और टछव ने भाग लिया। तेजस्वी यादव यादव ने बिहार विधानमंडल महागठबंधन विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि महागठबंधन सरकार जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दे रही है। हम शिक्षा, चिकित्सा, नौकरी, रोजगार और विकास को लेकर गंभीर एवं संकल्पित हैं।

### जदयू की नजर 2024 के लोकसभा चुनाव पर

माना जा रहा है कि फिलहाल जदयू की नजर 2024 के लोकसभा चुनाव पर है। जदयू की ओर से नीतीश कुमार को केंद्र की राजनीति में आगे बढ़ाने को लेकर मंथन शुरू किया जा चुका है। बिहार में महागठबंधन की सरकार में 7 दल शामिल हैं। लेकिन कांग्रेस को छोड़कर बाकी सभी नीतीश को ही प्रधानमंत्री मटेरियल मानते हैं। माना जा रहा है कि नीतीश कुमार ने अपने आगे की राजनीति के लिए पूरा प्लान फिक्स कर लिया है।

# डुमरांव में जमीन के विवाद में दो लोगों की हत्या

**केटी न्यूज/डुमरांव**

- 12 घंटे में दो हत्याओं से दहला डुमरांव अनुमंडल का इलाका
- कोरानसराय व सिमरी थाना क्षेत्र में हुई है वारदात
- सिमरी में चचेरे भाई ने ट्रैक्टर से कुचलकर भाई को मार डाला



कोरानसराय में ग्रामीणों से घटना की जानकारी लेते पुलिस अधिकारी।

डुमरांव में जमीन के विवाद में दो लोगों की हत्या कर दी गई है। दोनों हत्याएं डुमरांव अनुमंडल के अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पहली घटना कोरानसराय थाना क्षेत्र के केसठ राजवाहा मार्ग पर स्थित रॉयल ईंट भट्ठे की है। देर रात ईंट भट्ठे के नाइट गार्ड व कोरानसराय थाना क्षेत्र के बसगीतिया निवासी सत्येन्द्र यादव उम्र 45 वर्ष की गोली मार हत्या कर दी गई। सुबह में परिजनों को जब इस घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने पट्टीदारों पर जमीन विवाद को लेकर हत्या करने का मामला दर्ज कराया।

बताया जाता है कि डेढ़ साल पहले सत्येन्द्र ने रास्ते के लिए अपने दरवाजे के पास दूसरे पक्ष के एक पट्टीदार की दो डिसमिल जमीन खरीदी थी। इसी जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। सोमवार की रात इसी विवाद में पट्टीदारों ने गोली मार उसे मौत की नींद सुला दिया। कोरानसराय थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दूसरी घटना सिमरी थाना क्षेत्र के सहियार नोनियाडेरा की है। यहां ढाई बीघे के पुश्तैनी जमीन पर विजय शंकर ठाकुर व उसके चचेरे भाईयों मुन्ना ठाकुर व ध्रुव ठाकुर के बीच वर्षों से विवाद चल रहा था। मामला न्यायालय में भी लंबित था। मंगलवार को सुबह 11 बजे मुन्ना व ध्रुव उक्त विवादित जमीन की जुताई अपने ट्रैक्टर से कर रहे थे। इसकी जानकारी मिलते ही विजयशंकर ठाकुर उसे रोकने के लिए वहां पहुंचे। विजयशंकर को खेत पर आते देख ट्रैक्टर चला रहा मुन्ना आग बबूला हो गया तथा ट्रैक्टर से उसे रौंद दिया। बताया जाता है कि वह तीन बार उन्हें ट्रैक्टर से रौंदा था। जिससे गंभीर रूप से जख्मी विजयशंकर की सिमरी पीएचसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि इस दौरान ध्रुव ठाकुर भी ट्रैक्टर की चपेट में आ गए थे। उनका एक पैर टूट गया है। पुलिस ने आरोपी मुन्ना ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। सिमरी थानाध्यक्ष सुनील निर्झर ने बताया कि जमीन विवाद में इस घटना को मुन्ना ठाकुर द्वारा अंजाम दिया गया है।

## सीएम व डिप्टी सीएम के खिलाफ पटना हाईकोर्ट में याचिका दायर

**पटना।** नगर निकाय चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बाद राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे उद्घाटन और घोषणाओं के खिलाफ पटना हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शंभू की ओर से दायर की गई याचिका में कहा गया है कि एक खास वर्ग के लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए योजनाओं की घोषणा और प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। आदर्श आचार संहिता सख्ती से लागू कराई जाए। राजगीर में गत 27 नवंबर को गंगा जल आपूर्ति योजना का उद्घाटन, 12 दिसंबर को नालंदा में राजकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय व अस्पताल का उद्घाटन, 13 दिसंबर को नियुक्ति पत्र वितरण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम किया गया। याचिका में चुनाव आयोग सहित राज्य चुनाव आयोग पटना, गया, नालंदा के जिलाधिकारी एवं मुख्यमंत्री तथा उप मुख्यमंत्री को प्रतिवादी बनाया गया है।

## जेवर व्यवसायी को लूटकर भाग रहे बदमाशों को ग्रामीणों ने खदेड़ा

**केटी न्यूज/सीवान**

- सीवान के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भटवलिया गांव की घटना
- लूट का बैग और अपनी बाइक छोड़ फरार हो गए अपराधी

सीवान में एक ज्वेलरी कारोबारी से लूट की घटना को अंजाम देने पहुंचे हथियार से लैस तीन अपराधियों को ग्रामीणों ने खदेड़ दिया जिसके बाद अपराधी मौके पर लूट का बैग और अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गए। हालांकि जाते वक्त अपराधियों ने एक दूसरे व्यक्ति का बाइक छीन कर मौके से फरार हो गए। घटना जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भटवलिया गांव के समीप की है। वहीं पीड़ित ज्वेलरी कारोबारी की पहचान बड़हरिया थाना क्षेत्र के पिपराही गांव के रहने वाले 26 वर्षीय प्रदीप कुमार सोनी के रूप में हुई है।

घटना के संबंध में ज्वेलरी कारोबारी प्रदीप सोनी ने बताया कि वह अपने घर से दुकान पर जाने के लिए बाइक से निकले हुए थे। तभी दो बाइक पर सवार तीन की संख्या में हथियार से लैस अपराधी उनके बाइक का पीछा करते हुए मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भटवलिया गांव के समीप पहुंचे इसके बाद उनके ऊपर पिस्टल तान दिया। अपराधियों ने उनके साथ मारपीट भी की। फिर धमकाते हुए उनका सोने-चांदी से भरा बैग लेकर भागने लगे। इधर घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बदमाशों का पीछा करना शुरू कर दिया जिसके बाद बदमाश ज्वेलरी से भरा बैग को फेंक दिया फिर अपनी बाइक को सड़क पर छोड़कर भागने का प्रयास करने लगे। तभी ग्रामीण उनका घेराव करते हो करीब पहुंच गए इसके बाद अपराधी सड़क पर पहुंचकर किसी दूसरे राहगीर का बाइक छीन मौके से भाग निकले। इधर घटना की जानकारी मिलने के पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है।

## यूपी में नगर निकाय चुनाव को लेकर हाईकोर्ट में सुनवाई आज

**एजेंसी/प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनाव की गतिविधियां तेज हैं। प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों को पूरा कराया गया है। वहीं, एक कानूनी लड़ाई भी लड़ी जा रही है। नगर निकाय चुनाव को लेकर जारी आरक्षण रोस्टर पर विवाद गरमाया हुआ है। ओबीसी आरक्षण के मसले को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है। इलाहाबाद हाई कोर्ट के लखनऊ बेंच में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन याचिका पर सुनवाई हुई। हाई कोर्ट ने इस दौरान सरकार को जवाब दाखिल करने को कहा। सरकार को बुधवार तक जवाब दाखिल करने का आदेश दिया गया है। कोर्ट ने इसी के साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग को कोर्ट में बुधवार को की सुनवाई पूरी होने तक इलेक्शन डेट जारी करने पर रोक लगाए रखने का आदेश दिया है। उधर, सरकारी वकील ने यह कहते हुए याचिका का विरोध किया था कि 5 दिसंबर की सरकार की अधिसूचना महज एक ड्राफ्ट आदेश है। जिस पर सरकार ने आपत्तियां मांगी हैं।

## चीनियों... यह नेहरू का नहीं, शेर दिल मोदी का भारत है : अनिल

**एजेंसी/अंबाला**

हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने अरुणाचल प्रदेश में तवांग पर हुई चीन के सैनिकों के बीच झड़प पर ट्वीट किया है। गृह मंत्री ने चीन को नसीहत देने के साथ-साथ कांग्रेस पर भी तंज कसा है। मंत्री ने लिखा है कि चीनियों होश करो यह 1962 के कमजोर दिल वाला प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का भारत नहीं है। शेर दिल प्रधानमंत्री का भारत है। गृह मंत्री ने ट्वीट में लिखा कि यह 2022 के शेर दिल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारत है। बता दें कि बीते शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प हुई। इस घटना दोनों देशों के सैनिक घायल हुए हैं। घटना तवांग सेक्टर के यांग्स्ते में हुई थी। भारत के रक्षा मंत्रालय के अनुसार ये घटना 9 दिसंबर 2022 की है। एलएसी पार करने की कोशिश करने वाले चीन के सैनिकों को भारतीय सैनिकों ने पूरी ताकत से जवाब दिया।

# बिहार के 10 लाख युवाओं को जल्द नौकरी : सीएम

**केटी न्यूज/पटना**

- नवनियुक्त पदाधिकारियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री
- युवाओं को नौकरी देने के लिए बड़े पैमाने पर की जा रही तैयारी



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को ज्ञान भवन में बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा अनुशंसित नवनियुक्त पदाधिकारियों के नियुक्ति पत्र वितरण -सह-उन्मुखीकरण कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से विभिन्न विभागों द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में 9 विभागों के कुल 454 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त को गांधी मैदान में हमने यह घोषणा की थी कि बिहार में युवाओं के लिए 10 लाख नौकरी और 10 लाख रोजगार की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए बड़े पैमाने पर तैयारी की जा रही है। विभिन्न विभागों में तेजी से नियुक्ति को लेकर ही हमने तकनीकी कर्मियों के चयन के लिए तकनीकी सेवा आयोग, पुलिस अवर निरीक्षक की बहाली बिहार पुलिस सेवा आयोग, सिपाही चयन के लिए केंद्रीय सिपाही चयन पर्षद, महाविद्यालयों में नियुक्ति को लिए बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग का गठन किया है। उन्होंने कहा कि बिहार में लड़कियों के लिए शुरू की गयी साइकिल योजना की चर्चा पूरे देश ही नही बल्कि विदेशों में भी हुई थी लेकिन वर्ष 2014 के बाद एक-एक चीज को नियंत्रित कर लिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2013 में पुलिस की बहाली में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया । आज बिहार पुलिस में 29 हजार महिलायें सेवारत हैं। बिहार में आज जितनी तादाद में महिलाएं पुलिस में पदस्थापित हैं उतनी देश के किसी अन्य राज्य में नहीं है। हमने तय कर दिया है बिहार के सभी थानों में महिला कर्मी की पोस्टिंग करनी है। हर थाना में महिलाओं के लिए बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि आप सभी पूरी बुलंदी के साथ सबका सम्मान करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करियेगा। उन्होंने कहा कि बिहार में सड़क, पुल-पुलियों एवं सरकारी भवनों का निर्माण के साथ ही उसका मेटेनेंस भी किया जा रहा है।




## खबरें फटाफट

### तीन हाइवा समेत चार वाहन जब्त, 2 गिरफ्तार

**सासाराम।** जिले में बालू के अवैध खनन, परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर पूरी तरह से काबू पाने में पुलिस प्रशासन की कवायद जारी है। एसपी आशीष भारती ने सोमवार देर शाम बताया कि जिले के तीन थाना क्षेत्रों में अवैध बालू परिवहन एवं ओवरलोडिंग को ले छापेमारी की गई है। बताया कि सासाराम नगर थाना, करवंदिया थाना एवं दरिहट थानांतर्गत रोहतास पुलिस को सूचना मिली कि खनन माफियाओं के द्वारा अवैध खनन, ओवरलोडिंग कर बालू का अवैध रूप से ढुलाई किया जा रहा है। इस सूचना का सत्यापन एवं त्वरित कार्रवाई हेतु थानाध्यक्ष सासाराम नगर, करवंदिया एवं दरिहट थाना तथा जिलास्तरीय विशेष टीम को थानाध्क्षेत्र के अन्य पुलिस पदाधिकारी के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्र में अवैध खनन तथा ओवरलोडिंग के विरुद्व संघन छापेमारी करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

### 15 बीघा में लगी लाखों की फसल जलकर राख

**सासाराम।** जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र के सोनहर गांव में मंगलवार दोपहर धान के रखे बोझे में आग लग गई। बताते हैं कि आग में 15 बिघा के धान की फसल जल कर रख हो गई है। आग में किसान नन्हक बिंद, सुमेश्वर बिंद एवं मोहन बिंद के खलिहान में रखे धान के बोझे जल गए। आग लगने से गांव में कोहराम मच गया, जुटे ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। किसान, परिजन, ग्रामीण घंटों आग से जूझते रहे तब आग पर काबू पाया, लेकिन तबतक फसल जल कर रख हो गई। बताते हैं कि उक्त तीनों किसानों के 15 एकड़ भुमि में उत्पादित धान की फसल खलिहान में रखा हुआ था। कटनी के बाद धान के बोझे भी वहीं बांध कर रखे गए थे। बताते हैं कि दोपहर में अचानक आग लगी जबतक कोई समझ पाता, आग तेजी से फैल गई। बताते हैं कि कतरनी चावल का धान रखा हुआ था। बताते हैं कि सभी कि समिम्मलित दाम लगभग चार लाख रुपए था।

# कालाजार के मरीज मिलने पर उन्हें जांच के लिए पीएचसी भेजेंगे ग्रामीण चिकित्सक

**केटी न्यूज/आरा**

- ग्रामीण चिकित्सकों को दी गई कालाजार की पहचान, इलाज व बचाव की जानकारी
- मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर ग्रामीण चिकित्सकों को दी जाती है 500 रुपए प्रोत्साहन राशि

जिले में कालाजार उन्मूलन को लेकर विभिन्न कार्यक्रम चलाए जाते हैं। जिसमें सर्वप्रथम प्रभावित गांवों को चिह्नित करते हुए वहां दवाओं का छिड़काव किया जाता है। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग की ओर से जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। ताकि, लोगों को कालाजार के संबंध में जानकारी हो और वो इसके बचाव के लिए जागरूक हो सकें । वहीं, अब प्रखंड स्तर पर ग्रामीण स्तर के चिकित्सकों का उन्मुखीकरण किया जा रहा है। ताकि, ग्रामीण चिकित्सकों को कालाजार से संबंधित जानकारी हो और वो कालाजार मरीज को चिह्नित करते हुए सरकारी अस्पताल पहुंचाने का काम करें।

इस क्रम में बीते दिन कोईलवर प्रखंड में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों और कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम के अधिकारियों ने ग्रामीण चिकित्सकों के साथ बैठक की । जिसमें एमओआईसी डॉ. उमेश कुमार व वीबीडीएस राजन कुमार ने उन्हें कालाजार की पहचान, इलाज, बचाव और प्रोत्साहन राशि के संबंध में विस्तार से बताया । बैठक में बीसीएम बबन देव, केयर इंडिया बीसी रत्नेश कुमार मिश्रा के अलावा ग्रामीण चिकित्सकों में गणेश प्रसाद, नरेश प्रसाद, विनोद कुमार, रवि रंजन व ओमप्रकाश शामिल रहे।


ग्रामीण चिकित्सकों के साथ बैठक करते एमओआईसी

**बालू मक्खी काटने से फैलता है कालाजार :** प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. उमेश कुमार ने बताया कि कालाजार के इलाज में सबसे जरूरी है, बीमारी के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान। जिसके बाद उसकी जांच और इलाज की प्रक्रिया शुरू की जाती है। ऐसे में सबसे जरूरी बात है कालाजार के कारणों का पता होना। उन्होंने बताया कि कालाजार लिशमेनिया डोनी नामक रोगाणु के कारण होता है। जो बालू मक्खी काटने से फैलता है। साथ ही यह रोग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भी प्रवेश कर जाता है। बालू मक्खी जमीन से 6 फुट की ऊंचाई तक ही फुदक सकती है। यह मक्खी नमी व अंधेरे वाले स्थान पर ज्यादा फैलती है। जैसे घरों की दीवारों की दरारों, चूहों के बिल तथा ऐसे मिट्टी के टीले जहां ज्यादा जैविक तत्व और उच्च भूमिगत जल स्तर वाले स्थानों पर रहती है। जिन घरों में बालू मक्खियां पाई जाती हैं, उन घरों में कालाजार के संक्रमण का खतरा बढ़ जाता।

### मरीजों के अलावा आशा कार्यकर्ता और ग्रामीण चिकित्सकों को राशि देने का भी प्रावधान

वीबीडीएस राजन कुमार ने बताया, कालाजार से पीड़ित मरीज को 7100 रुपये श्रम क्षतिपूर्ति राशि दी जाती है। वहीं, प्रशिक्षित आशा के द्वारा मरीजों को चिह्नित करने, पीएचसी तक लाने तथा मरीज का ख्याल रखने पर प्रति मरीज 600 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। यह राशि भारत सरकार एवं राज्य सरकार की तरफ से दी जाती है। इसमें मरीजों के लिए 6600 रुपये और आशा के लिए 100 रुपये की राशि मुख्यमंत्री कालाजार राहत अभियान के अंतर्गत दी जाती है। वहीं प्रति मरीज एवं आशा को 500 रुपये भारत सरकार की तरफ से दिया जाता है। साथ ही, ग्रामीण चिकित्सकों द्वारा पीएचसी भेजे गए मरीजों में यदि कालाजार बुखार की रिपोर्ट पॉजिटिव आता है, तो उन्हें भी 500 रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

**लक्षण दिखने पर जांच कराना आवश्यक :** वीबीडीएस राजन कुमार ने बताया कि किसी व्यक्ति को 15 दिन से अधिक बुखार आना, भूख नहीं लगना, रोगी में खून की कमी, रोगी का वजन घटना, रोगी की त्वचा का रंग काला होना आदि कालाजार के लक्षण हो सकते हैं। वहीं इसका सबसे मुख्य लक्षण त्वचा पर धब्बा बनना है। यदि किसी व्यक्ति में उपयुक्त लक्षण पाएं, तो उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर जांच के लिए भेजें। पीएचसी में कालाजार की जांच की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है। संक्रमित मरीज मिलने पर उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया जाता है। सदर अस्पताल में समुचित इलाज की सुविधा उपलब्ध है। वहां मरीजों का एक ही दिन में इलाज कर दिया जाता है।

### पूर्व राजद विधायक ने 16 जुलाई को किया था सरेंडर, न्यायालय के फैसले से समर्थकों में खुशी

# आरा सेक्स कांड: पूर्व राजद विधायक अरुण यादव बरी, पीड़िता सहित सभी प्राइवेट गवाह बयान से मुकरे

- जुलाई 2019 में सामने आया था मामला, महिला सहित अन्य पर हुआ था केस
- आरा की नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का लगाया गया था आरोप
- दिसंबर में मनरेगा इंजीनियर सहित चार अन्य आरोपित भी किये गये थे बरी

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर-पटना सहित सूबे के चर्चित सेक्स कांड में संदेश के पूर्व विधायक अरुण यादव को बड़ी राहत मिली है। विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा उनको इस केस से बरी कर दिया गया। केस के सभी प्राइवेट गवाहों के बयान से मुकर जाने के बाद कोर्ट की ओर से मंगलवार को यह फैसला सुनाया गया। पूर्व विधायक पर नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोप लगा था। उन्होंने इस मामले में 16 जुलाई को कोर्ट में सरेंडर किया था। इससे पूर्व दिसंबर माह में मनरेगा इंजीनियर सहित चार अन्य आरोपितों को भी बरी कर दिया गया था। कोर्ट के इस फैसले से एक ओर जहां पूर्व विधायक के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गयी है। वहीं पुलिस की जांच को गहरा झटका लगा है। बता दें कि 18 जुलाई 2019 को आरा की एक किशोरी से पटना में देह व्यापार का जबरन धंधा कराने का मामला सामने आया था। उस मामले में किशोरी को भगा ले जाने और धंधे में धकलने वाली महिला अनीता देवी और उसके सहयोगी संजीत कुमार के खिलाफ आरा टाउन थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने तत्काल दोनों को गिरफ्तार भी कर लिया था। दोनों आरोपित और किशोरी के बयान के बाद इस धंधे में संजय पासवान, मनरेगा इंजीनियर अमरेश कुमार सिंह और संदेश के तत्कालीन विधायक अरुण यादव का भी नाम भी आया।


कोर्ट के फैसले के बाद बाहर आते पूर्व विधायक

### कुर्की के बाद 16 जुलाई 2022 को पूर्व विधायक ने किया था सरेंडर

आरा। बिहार के बहुचर्चित नाबालिग यौन उत्पीड़न कांड में संदेश के पूर्व राजद विधायक अरुण यादव को ठीक पांच माह तक न्यायिक हिरासत में रहना पड़ा। तीन साल की फरारी के बाद उन्होंने इसी साल 16 जुलाई को आरा पॉक्सो कोर्ट में सरेंडर किया था। कोर्ट के आदेश पर उन्हें सरेंडर करने के बाद आरा सदर अस्पताल के प्रतिनिधि वार्ड में भर्ती कराया गया था। तब से ही वह सदर अस्पताल में ही थे।

इस केस में 17 अगस्त को ही कोर्ट ने संज्ञान लिया था और 25 अगस्त को आरोप का गठन किया गया था। इधर, मंगलवार की दोपहर कोर्ट का फैसला आने के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। दोपहर करीब चार बजे एमपी-एमएलए के विशेष कोर्ट के जज की ओर से पूर्व विधायक को बरी किये जाने का फैसला सुना दिया गया। उसके बाद उनके समर्थकों में उत्साह देखते ही बन रहा था।

### वीडियो वायरल होने के बाद किशोरी का दुबारा कराया गया था कोर्ट में बयान

बताते चलें कि 18 जुलाई 2019 को देह व्यापार से संबंधित केस दर्ज होने के बाद एक सितंबर को किशोरी का वीडियो वायरल हुआ था। उसमें किशोरी की ओर से तब संदेश के विधायक रहे अरुण यादव पर भी अपने सरकारी आवास में गंदा काम करने का आरोप लगाया गया था। उस वीडियो पर पटना की महिला विकास मंच ने संज्ञान लिया था। महिला विकास मंच की पहल पर ही किशोरी का कोर्ट में दुबारा 164 का बयान दर्ज कराया गया था। उसके बाद ही विधायक रहे अरुण यादव को किशोरी का यौन उत्पीड़न और देह व्यापार के केस में आरोपित किया गया था। उसके बाद से ही वह भूमिगत हो गये थे। बता दें कि केस दर्ज होने के बाद काफी सनसनी मची थी। तब किशोरी से देह व्यापार कराने का धंधा बताया गया था। अनिता देवी को सेक्स रैकेट का संचालिका बताया गया था। गिरफ्तारी के बाद सेक्स रैकेट की संचालिका अनिता देवी का बयान भी दर्ज कराया गया था। किशोरी के साथ अनिता देवी ने भी संजय उर्फ जीजा व मनरेगा के एक इंजीनियर नाम लिया था। संजय को मास्टरमाइंड बताया गया था। दोनों के बयान के आधार में भी तब विधायक रहे अरुण यादव का नाम आ गया।

**छह सितंबर को नाबालिग के 164 के बयान में आया नाम :** आरा की रहने वाली किशोरी 18 जुलाई 2019 को पटना से भाग कर आरा आयी थी। उसने पटना में अपने साथ यौन उत्पीड़न किये जाने की शिकायत की थी। साथ ही देह व्यापार का धंधा कराने का भी आरोप लगाया था।उसी रात नाबालिग के भाई के बयान पर नगर थाने में रेप व पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा उसी रात अनिता देवी और उसके कथित सहयोग संजीत कुमार उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर लिया था। दोनों की स्वीकारोक्ति और किशोरी के कोर्ट में दर्ज बयान में संजय पासवान और मनरेगा के एक इंजीनियर अमरेश कुमार सिंह का नाम आया। उसके बाद छह सितंबर को किशोरी की कोर्ट में दुबारा 164 का बयान दर्ज कराया गया। उसमें तब विधायक रहे अरुण यादव का नाम आया। उसके बाद उनके खिलाफ भी केस दर्ज कर लिया गया।

### रिहा होने के बाद बड़े भाई का पैर छुआ

मंगलवार को न्यायालय का फैसला आने के बाद कोर्ट के बाहर सुकून भरी तस्वीर सामने आई है। उसमें पूर्व विधायक अरुण यादव अपने बड़े भाई जदयू नेता सह पूर्व विधायक विजयेंद्र यादव का पैर छुकर उनसे आशीर्वाद लें रहे हैं। दोनों एक-दूसरे के गले भी लगते देखे गए।

### बीमारी के कारण होमगार्ड जवान की हुई मौत

**आरा।** भोजपुर में बीमारी के कारण ड्यूटी पर तैनात एक होमगार्ड जवान की मौत हो गयी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाये जाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक जवान बड़हरा थाना क्षेत्र के रघुवर राय के टोला गांव निवासी सुंदर यादव के 58 वर्षीय पुत्र राजाराम यादव थे। फिलहाल वह एंटी लिकर दस्ता नंबर 1 में प्रतिनियुक्ति थे। इससे पहले वह शाहपुर थाना में कार्यरत थे। उनके मौसेरे भाई राजकुमार यादव ने बताया कि उन्हें किडनी की बीमारी थी। उसे लेकर उनका इलाज भी चल रहा था।

लेकिन हाल में पिछले चार दिनों से उनकी तबीयत खराब चल रही है। वह मंगलवार को मुफस्सिल थाना में ही अपनी ड्यूटी पर थे। उसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले गया। वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उसके बाद परिजन शव लेकर घर चले गये। बताया जा रहा है कि जवान के परिवार में पत्नी ललिता देवी, तीन पुत्र राहुल कुमार, अजीत कुमार,संजीत कुमार, पुत्री प्रियंका कुमारी और प्रीति कुमारी है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है। उनकी पत्नी ललिता देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 20 से फरार हार्डकोर नक्सली यूपी से गिरफ्तार

**केटी न्यूज/सासाराम**

रोहतास पुलिस ने 20 साल से फरार चल रहे नक्सली को यूपी के अनपरा से गिरफ्तार किया है। 50 हजार का इनामी नक्सली हार्डकोर शेख अख्तर ने 2002-2003 में जिले के केमूर पहाड़ी क्षेत्र में कई घटनाओं को अंजाम दिया था। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी आशीष भारती ने मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि रोहतास पुलिस द्वारा नक्सलियों गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। फरार चल रहे नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। इस क्रम में विशेष टीम को जानकारी मिली कि 20 साल से फरार चल रहा हार्डकोर नक्सली यूपी के मिजार्पुर के अनपरा थाना क्षेत्र में छुपा हुआ है। विशेष टीम को तुरंत अनपरा रवाना किया गया, जहां सोनभद्र पुलिस की सहायता से शेख अख्तर को गिरफ्तार कर लिया गया।



एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली शेख अख्तर जिले के नौहट्टा थाना क्षेत्र के नौडीहा गांव के शेख खुर्शीद का बेटा है। उसने 2000 के प्रारंभिक सालों में नौहट्टा थाना क्षेत्र में दो हत्याकाण्डों समेत कई काण्डों को अंजाम दिया था। बताया कि दो हत्याकाण्डों नौहट्टा थाना काण्ड संख्या 42/2002 एवं 37 /2003 को अंजाम दिया था।

इसके अलावा नौहट्टा थाना काण्ड संख्या 35/03 एवं नौहट्टा थाना काण्ड संख्या 13/ 03 में पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। बताया कि गिरफ्तार नक्सली उक्त सभी काण्डों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उस पर 50 हजार का इनाम घोषित था। गिरफ्तारी में शामिल पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### सड़क हादसा में महिला की मौत

भभुआ। जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के पढ़ौती गांव के पास तेज रफ्तार बाइक ने भगवानपुर गांव की स्व. भावनाथ सिंह की 65 वर्षीय पत्नी मल्लू कुंवर को मारी जोरदार टक्कर जिससे महिला की घायल होकर सड़क के किनारे जा गिरी। टक्कर से हुए आवाज को सुनकर घटनास्थल पहुंचे ग्रामीणों ने घायल महिला को उपचार के लिए वाहन रुकवा कर पहुंचाया सदर अस्पताल भभुआ। जहां चिकित्सकों ने उन्हें वाराणसी रेफर कर दयिा। लेकिन उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

# घर से लापता हुए किशोर की 16 घंटे बाद मिली लाश

**केटी न्यूज/भभुआ**

जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के बघीनी कला गांव में तालाब में डूबने से 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। 16 घंटे बाद शव को ग्रामीणों द्वारा निकाला गया बाहर। परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल।

मृत किशोर मोहनिया थाना क्षेत्र के बघीनी कला गांव के बालेश्वर मुसहर का 14 वर्षीय पुत्र रितेश कुमार बताया जा रहा। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी। युवक के शव को निकालने के लिए गांव के ही आधा दर्जन गोताखोर को लगाया गया था। ग्रामीणों ने बताया सोमवार की शाम रितेश घर से बाहर गया हुआ था। लेकिन वह देर रात वापस घर नहीं आया। काफी खोजबीन किया गया लेकिन उसका कहीं भी पता नहीं चला। आज सुबह रितेश का कपड़ा गांव के ही तालाब के किनारे देखा गया। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों द्वारा तालाब के अंदर से शव को खोजने का प्रयास जारी था। इसी बीच मोहनिया पुलिस को भी सूचना दी गई। जहां 16 घंटे के बाद शव को तालाब से बाहर निकाल लिया गया। पुलिस शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा।



# छिनतई का विरोध करने पर ठेला चालक की पिटाई, दो हजार छिना

**केटी न्यूज/आरा**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कारवा गांव के समीप सोमवार की शाम छिनतई का विरोध करने पर एक ठेला चालक की जमकर पिटाई कर दी गई। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी युवक मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के करवां गांव वार्ड नंबर 3 निवासी स्व.राम लाल का 22 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार है।

वह गोढना रोड स्थित कार छड़-सीमेंट की दुकान पर ठेला चलाने का काम करता है। उसने बताया कि वह गोढना रोड स्थित छड़-सीमेंट की दुकान पर ठेला चलाता है। सोमवार की शाम काम खत्म कर बाइक से जब वह अपने घर लौट रहा था। उसी दौरान करवा गांव के पास पांच की संख्या में रहे अज्ञात बदमाशों द्वारा उसका पैसा छीन लिया गया और डंडा व फैट से उसकी जमकर पिटाई कर दी गयी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद वह बाइक से वापस गोढना रोड स्थित अपने दुकानदार के घर आया और घटना की जानकारी दी। तब दुकानदार द्वारा उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। उसने बदमाशों पर उसके दो हजार रुपये की छिनतई करने का भी आरोप लगाया है।

# सीओ से समन्वय स्थापित कर स्कूल परिसर से हटे अतिक्रमण: डीएम

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

- जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक में दिए दिशा-निर्देश
- स्कूलों की जांच और बीआरसी की बैठक नियमित रूप से करने को कहा

जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में शिक्षा विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। साथ ही, दक्ष वार्षिक खेल कार्यक्रम 2022-23 के अंतर्गत प्रखंड/जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को विद्यालयों का प्रभावशाली निरीक्षण करते हुए ससमय निरीक्षण प्रतिवेदन उपलब्ध कराने एवं निरीक्षण के क्रम में प्राप्त होने वाले शिक्षा संबंधित मामलों को त्वरित रूप से निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, विद्यालयों की भूमि का दाखिल खारिज कराते हुए भू-अभिलेख अपडेट करना सुनिश्चित करने एवं यदि विद्यालय के परिसर में अतिक्रमण किया जा रहा है, तो उसका अनुश्रवण करते हुए संबंधित अंचलाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। बीआरसी की नियमित बैठक कराने का निर्देश दिया गया। गुणवत्तापूर्ण, समान एवं समावेशी शिक्षा एवं उसके सकारात्मक प्रतिफल पर विशेष ध्यान देने हेतु समय-समय पर विद्यार्थियों का टेस्ट के माध्यम से मूल्यांकन कर कमजोर छात्र/छात्राओं को चिन्हित करते हुए उनके लिए पठन-पाठन की आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया।


शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम

इस संदर्भ में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि 25 नवंबर को 50 चिन्हित प्रारंभिक मॉडल विद्यालयों का मूल्यांकन किया गया है एवं ग्रेडिंग प्रक्रियाधीन है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि उक्त चिन्हित विद्यालयों का निरीक्षण अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित करें एवं जिन बच्चों द्वारा अच्छा प्रदर्शन नहीं किया गया है, उन पर विशेष ध्यान देते हुए उनके पठन-पाठन के लिए व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि साप्ताहिक पंचायत स्तरीय जांच में भी इन विद्यालयों को संबद्ध कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया गया कि इन विद्यालयों का विभिन्न अवयवों पर विश्लेषण करते हुए इंफ्रास्ट्रक्चर एवं लर्निंग आउटकम में आए गुणात्मक सुधार का आंकलन कर प्रतिवेदन देना सुनिश्चित करें।

जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि लर्निंग आउटकम का अनुश्रवण करना सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री जनता दरबार एवं जिला प्रशासन जनता दरबार में प्राप्त मामलों का ससमय निष्पादन करना सुनिश्चित करें। मध्यान भोजन में खाने की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखना सुनिश्चित करें।

## खबरें फटाफट

### भूसे के ढेर से दो हथियार और कारतूस बरामद

**बक्सर।** पुलिस को सूचना मिली की बड़का गांव में एक जगह हथियार रखे हुए हैं। सूचना मिलते ही मौके की तरफ औद्योगिक थाने की पुलिस लपकी। खबर सही थी, बताई गई जगह से दो देसी तमंचे व चार कारतूस बरामद हुए। जिसे भूसे वाले घर में रखा गया था। यह मामला आज मंगलवार दोपहर का है। जब इस बारे में औद्योगिक के थानाध्यक्ष मुकेश कुमार से मीडिया ने पूछा तो उनका कहना था। ऐसा प्रतीत हो रहा था, किसी ने जानबूझकर वहां हथियार छिपा रखा था। ताकि इस मामले में घर वालों को फंसाया जा सके। वह घर किसका था? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उमेश मिश्रा जो जन वितरण प्रणाली के विक्रेता हैं। उन्हीं के यहां से यह बरामदगी हुई है। लेकिन, मामला संदिग्ध होने के कारण फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। अभी पूरे मामले की जांच चल रही है। पुलिस की माने तो बरामद कारतूस भी जिंदा नहीं थे। किसी ने वहां खोखे रख छोड़े थे।

### राजपुर व्यापार मंडल चुनाव का नामांकन संपन्न

**राजपुर।** प्रखंड व्यापार मंडल चुनाव के नामांकन मंगलवार के दिन संपन्न हो गया। अध्यक्ष पद हेतु मंगलवार के दिन मोहन दुबे ने हजारों समर्थकों के साथ राजपुर प्रखंड कार्यालय पहुंच अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। जबकि सोमवार के दिन भी एक प्रत्याशी ने अपना पर्चा दाखिल किया था। उप निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए कुल 2 प्रत्याशी अपना नामांकन किए हैं। वही दूसरे दिन सदस्य पद के लिए तियरा पैक्स अध्यक्ष तथा नागपुर पैक्स अध्यक्ष ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर राजपुर मुखिया अनिल सिंह सहित अन्य समर्थक मौजूद थे।

### फसल जलाने के आरोप में एक धराया

**राजपुर।** राजपुर थाना क्षेत्र के संगराव बधार में मंगलवार दोपहर धान की खड़ी फसल में आग लग गई। जिससे कई किसानों के धान की फसल जलकर राख हो गई। मिली सूचना किसी किसान द्वारा अपने खेत में पराली जलाई गई थी। जिससे निकली चिंगारी से अगल-बगल के खेत में खड़ी धान की फसल में आग लग गई। किसानों ने राजपुर पुलिस को इसकी तत्काल सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है। खेत में पराली जलाने को लेकर कृषि विभाग द्वारा कई तरह के कार्यक्रम के तहत प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

---

कोरानसराय में हुई हत्या के बाद पुलिस-प्रशासन की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल, डेढ़ वर्षों से जमीन को लेकर चल रहा था विवाद

# पुलिस-प्रशासन की लापरवाही ने ले ली सत्येंद्र की जान

- थानों में लगनेवाले जनता दरबार में जमीन विवाद के निपटारे के बजाय हो रही खानापूर्ति
- अंचल प्रशासन की भूमिका संदेह के घेरे में, इसलिए घटने के बजाय और बढ़ रहे मामले

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल में जमीन विवाद से जुड़े मामले और हत्याएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। शायद ही कोई ऐसा थाना क्षेत्र बचा हो जहां हर दिन जमीन विवाद से जुड़े मामले नहीं आते हों। वह भी तब जब राज्य सरकार से लेकर पुलिस विभाग तक जमीन विवाद के मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहा है। पुलिस को भी जमीन विवाद से संबंधित मामलों को शीघ्र निष्पादन का टास्क मिलता है। लेकिन यह सिर्फ निर्देश तक ही सिमट कर रह जा रहा है।

जानकारों की मानें तो पुलिस-प्रशासन की कार्यशैली खुद जमीन विवाद को बढ़ावा दे रही है। कोरानसराय के बसगीतिया निवासी व ईंट भट्ठा के रात्रि प्रहरी सत्येन्द्र यादव की बीती रात हुई हत्या में भी यह बात सामने आई है कि डेढ़ वर्षो से चल रहे विवाद को निपटाने में स्थानीय पुलिस काफी सुस्त रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रत्येक शनिवार को थानों में जनता दरबार लगा जमीन विवाद से जुड़े मामलों का निष्पादन करना है। लेकिन यह जनता दरबार भी जमीन विवाद को सुलझाने में कारगर साबित नहीं हो रहा है। जानकारों की मानें तो जनता दरबार में सिर्फ कोरम पूरा किया जा रहा है। अलब्ता अधिकांश थानों में सीओ भी मौजूद नहीं रहते है। अंचल प्रशासन की भूमिका भी संदेहों के घेरे में है। यही कारण है जमीन विवाद के मामले घटने की बजाए हर दिन बढ़ रहे हैं।

इस जमीन विवाद ने अनुमंडल में 12 घंटे के अंतराल पर दो लोगों की जान ले ली है। दिलचस्प तो यह है कि दोनों हत्याओं में खून के रिश्तें ही दागदार हुए है। जिससे अनुमंडल इलाका शर्मसार हो चुका है। लोगों को आखिर यह बात भी समझ में नहीं आ रही है कि जमीन के चंद टुकड़ों के लिए लोग इतने हैवान कैसे बन जाते हैं कि खून के रिश्तों तक की हत्या कर दे रहे हैं। बहरहाल पुलिस के पास रटा रटाया जवाब है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


घटना स्थल पर रोते-बिलखते परजिन


हत्या की घटना के बाद जुटी ग्रामीणों की भीड़

### सत्येन्द्र की जान पर भारी पड़ गई दो डिसमिल जमीन

बसगीतियां के सत्येन्द्र यादव की जान पर महज दो डिसमील जमीन भारी पड़ गई। मिली जानकारी के अनुसार उसने डेढ़ वर्ष पहले अपने पड़ोसी तारा देवी पति स्व मुनमुन सिंह से रास्ता के लिए दो डिसमील जमीन खरीदा था। इसी जमीन पर उसके चचेरों भाईयों राज ऋषि राय, गया सिंह समेत अन्य पट्टीदारों का विवाद चल रहा था। मामला न्यायायल में भी पेंडिंग था जबकि जनता दरबार में भी इस मामले को ले दोनों पक्ष कई बार पहुंचे थे। मृतक के परिजनों की मानें तो वह अपनी हत्या की आशंका जता पुलिस से गुहार लगाया था। लेकिन समय रहते पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस यदि इस मामले को गंभीरता से लेती तो सत्येन्द्र की जान बच जाती। इधर, कोरानसराय पुलिस की मानें तो मृतक सत्येन्द्र के परिजनों ने हत्या को अंजाम देने व साजिश रचने के आरोप में कुल नौ लोगों के खिलाफ आवेदन दिया है।

### जमीन के चक्कर में उजड़ गए दो परिवार

पिछले 12 घंटे में जमीन के चक्कर ने दो परिवारों को उजाड़ दिया है। दोनों मृतक अपने परिवार के मुखिया थे तथा परिवार का संचालन खुद करते थे। उनकी मौत से दोनों परिवार अनाथ हो गए है। बसगीतिया निवासी सत्येन्द्र यादव तीन भाईयों में सबसे छोटा था। बड़े भाई हरेकिशुन की पहले ही मौत हो चुकी है। जबकि मझला भाई दयानंद यादव दिव्यांग है। सत्येन्द्र ही ईंट भट्ठा पर मजदूरी कर अपना परिवार चलाता था। घटना के बाद से ही पत्नी गीता देवी, 20 वर्षीय बेटा विवेक व 12 वर्षीय बेटी सिखा का रो रोकर बुरा हाल है। पत्नी रोते हुए यही कह रही थी कि अब केकरा भरोसे जिनिगी चली ए दादा..., यह कहते हुए वह बेहोश हो जा रही थी। जबकि बेटा व बेटी के साथ ही भाई के आंसू भी थमने के नाम नहीं ले रहे थे।

वही दूसरी तरफ सहियार के विजयशंकर ठाकुर भी अपने परिवार के मुखिया थे। हालांकि उनके बड़े भाई परशुराम ठाकुर भी हैं। लेकिन वे अपने परिवार के साथ बोकारो में रहते है। मृतक की तीन पुत्रियां निधी, मधु व प्रियंका तथा एक पुत्र अभिषेक है। इस घटना के बाद से पूरा परिवार बदहवास हो गया था। मानों उन्हें काठ मार गया हो। इस सदमें को पूरा परिवार बर्दाश्त नहीं कर पा रहा था।

## जमीन के लिए चचेरे भाई ने भाई को ट्रैक्टर से रौंद डाला

- सिमरी थाना क्षेत्र के सहियार का मामला, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- करीब ढाई बीघे के भूखंड पर दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से चल रहा विवाद

**केटी न्यूज/सिमरी**

सिमरी थाना क्षेत्र के सहियार गांव में मंगलवार को जमीन विवाद में खून का रिश्तें कलंकित हुए हैं। करीब ढाई बीघा जमीन पर कब्जे के लिए चचेरे भाई में अपने ही भाई को टैक्टर से रौंदकर मार डाला है। इस दौरान आरोपी का सगा भाई भी जख्मी हो गया है। बाद में ग्रामीणों की सूचना पर सिमरी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह लोमहर्षक घटना दिनदहाड़े करीब 11 बजे सहियार नोनियाडेरा बधार की है।

मृतक विजय शंकर ठाकुर उम्र 50 वर्ष पिता स्व रामगोबिंद ठाकुर व आरोपी मुन्ना ठाकुर पिता सुरेश ठाकुर आपस में चचेरे भाई हैं। मिली जानकारी के अनुसार नोनियाडेरा के पास उनकी पैतृक जमीन है। करीब ढाई बीघे के भूखंड पर दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। एक पक्ष द्वारा बक्सर व्यवहार न्यायालय में नंबरीवाद भी किया गया था। मंगलवार को मुन्ना ठाकुर अपने भाई ध्रुव ठाकुर के साथ उस जमीन पर टैज्क्टर लेकर जुताई करने पहुंच गया। इसकी जानकारी मिलते ही उसे रोकने विजय शंकर ठाकुर भी पहुंचे। विजय शंकर को देखते ही मुन्ना अपना आपा खो बैठा तथा ट्रैक्टर से उसे रौंदने लगा। सूत्रों की मानें तो इस दौरान वह तीन बार उसके शरीर पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। इस क्रम में उसके साथ जमीन कब्जाने आए मुन्ना ठाकुर के सगे



भाई ध्रुव ठाकुर भी ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। जिससे उसका पैर टूट गया। इसके बाद बधार में काम करने वाले किसान व ग्रामीण मिलकर तत्काल विजयशंकर को लेकर इलाज के लिए सिमरी पीएचसी पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जबकि मुन्ना भी अपने भाई को लेकर इलाज कराने पहुंच गया था। इसी दौरान किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी मुन्ना को गिरफ्तार कर लिया है। सिमरी थानाध्यक्ष सुनील निर्झर ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामला जमीन विवाद से जुड़ा है।

---

# नवजात की मौत पर सदर अस्पताल में हंगामा

- परिजनों बोले प्रसूता की जगह नवजात को लगाया एंटी-बी इंजेक्शन
- शिशु रोग विशेषज्ञ ने कहा - नहीं लगना चाहिए था इंजेक्शन

**केटी न्यूज/बक्सर**

सदर अस्पताल में एक नवजात शिशु की हुई मृत्यु के पश्चात परिजनों ने अस्पताल की स्वास्थ्य कर्मी पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की खबर सुनकर मौके पर अस्पताल प्रबंधक तथा चिकित्सक पहुंचे एवं लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। बाद में परिजनों के लिखित आवेदन के आधार पर सिविल सर्जन डॉ जितेंद्र नाथ के द्वारा अस्पताल उपाधीक्षक रवि भूषण श्रीवास्तव, वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर भूपेंद्र नाथ तथा डॉक्टर अनिल कुमार के तीन सदस्यीय दल को जांच का जिम्मा दिया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक कोटवा नारायणपुर निवासी राजकुमार की पत्नी लक्ष्मी कुमारी को 10 दिसंबर को प्रसव पीड़ा होने पर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। आईसोइम्युनाइज्ड प्रेग्नेंसी होने के कारण एंटी-डी इंजेक्शन लगाने की सलाह चिकित्सकों के द्वारा दी गई। परिजनों का आरोप है कि यह इंजेक्शन प्रसूता को लगाना था लेकिन इसे ड्यूटी में कार्यरत एनएमआर अंशु कुमारी के द्वारा नवजात को लगा दिया गया जिससे कि उसकी मौत हो गई। परिजनों ने कहा कि यह लापरवाही बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। एनएमआर को सजा होनी चाहिए।


हंगामा के बाद बक्सर सदर अस्पताल में जुटी भीड़

**बच्चे को नहीं लगनी चाहिए थी एंटी-डी इंजेक्शन : विशेषज्ञ**

नगर के वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गंगेय राय तथा तनवीर फरीदी ने बताया कि एंटी-डी इंजेक्शन गर्भवती महिलाओं को उस वक्त लगाया जाता है जब उनका आरएच नेगेटिव और बच्चे का आरएच पॉजिटिव हो। यह इंजेक्शन इसलिए लगाया जाता है ताकि उन्हें अगली गर्भावस्था के दौरान कोई विशेष दिक्कत ना हो। नवजात बच्चे को एंटी-डी इंजेक्शन नहीं लगाया जाता है। यदि ऐसा किया गया है तो निश्चित रूप से यह बड़ी भूल है।

**कहते हैं सिविल सर्जन :** मृत बच्चे के परिजनों का आरोप है कि उसे 2 दिन पूर्व यह इंजेक्शन लगाया गया था। उसके आवेदन के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 13 सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया है। जिसके द्वारा इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। अगर चिकित्सा कर्मी की लापरवाही प्रमाणित होती है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### बीडीओ को देख भाग खड़े हुए पराली जलाने वाले किसान

**केसठ।** सरकार व कृषि विभाग के सख्त निर्देश के बावजूद जिले के किसान खेतों में पराली जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला केसठ प्रखंड के खरवनियां गांव की है। जहां दोपहर में बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने किसानों को खेत में धान फसल का अवशेष (पराली) जलाते रंगेहाथ पकड़ लिया। लेकिन, बीडीओ को अपनी ओर आते देख पराली जला रहे किसान भाग खड़े हुए। बीडीओ ने बताया कि वे अपने वाहन से दोपहर में कतिकनार गांव में पंचायत सरकार भवन निर्माण के लिए चयनित जमीन को देखने जा रहे थे। इसी दौरान देखा कि खरवानियां गांव के बधार में कई किसान धान की पराली खेत में जला रहे हैं। जब बीडीओ गाड़ी से उतर पराली जला रहे किसानों के तरफ बढ़े तो वे भाग खड़े हुए। बीडीओ ने तत्काल इसकी सूचना मोबाइल पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी को देते हुए खेत मे पराली जला रहे किसानों को चिन्हित करते हुए उनके किसान रजिस्ट्रेशन को रद्द करने का निर्देश दिया। इसके बाद बीएओ कृषि विभाग के कर्मियों के साथ किसान को चिन्हित करने में जुट गए हैं।

## एक नजर

### कुएं में गिरी नीलगाय को चार घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने बाहर निकाला



**केसठ।** प्रखंड के रघुनाथपुर गांव में सोमवार की देर रात सुखे कुएं में नीलगाय गिर गई। इसे स्थानीय गांव के ही साहसिक युवाओं एवं ग्रामीणों के सहयोग से लगभग चार घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद मंगलवार को बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर में सोमवार की देर रात लगभग 30 फीट गहरे सुखे कुएं में नीलगाय चरते हुए अचानक गिर गई थी। जब मंगलवार को ग्रामीण वहां से गुजर रहे थे ,तो उनकी निगाह कुएं में गिरी नीलगाय पर पड़ी। ग्रामीणों ने इसके सुचना पंचायत के सरपंच विष्णुदेव पासवान, समाजसेवी सत्येंद्र दुबे और ग्रामीणों को दी। जानकारी मिलते ही दर्जनों ग्रामीणों की भीड़ कुएं के पास जुट गई। इसके बाद नीलगाय को निकालने के प्रयास करना शुरू कर दिए। साहसिक युवकों एवं ग्रामीणों ने नीलगाय के कमर और गले में रस्सी बांध कर निकालने का प्रयास किया, परंतु नीलगाय नहीं निकल पाई। इसके बाद युवाओं और ग्रामीणों ने मिलकर कड़ी मशक्कत के बाद पंपसेट चलाकर कुएं को पानी से भर दिया। इसके बाद धीरे धीरे रस्सी को खींचकर नीलगाय को रेस्क्यू कर बाहर निकाला। इस दौरान गांव के सतेंद्र दुबे, विष्णु देव पासवान सहित अन्य ग्रामीणों का प्रयास सराहनीय रहा।

### पटना-डीडीयू मेमू का समय 7 :20 किए जाने पर रेल यात्री कल्याण समिति ने जताई खुशी



**डुमरांव।** पटना से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के बीच चलने वाली 13209 अप पटना-डीडीयू मेमू तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय से पटना जंक्शन के बीच चलने वाली 13210 डाउन डीडीयू-पटना मेमू ट्रेन के समय परिवर्तन पर रेल यात्री कल्याण समिति डुमरांव ने खुशी जताते हुए इसके लिए दानापुर मंडल रेल प्रबंधक प्रभात कुमार तथा वरीय मंडल परिचालन प्रबंधक प्रभास राघव को बधाई दी है। दैनिक यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण माने जाने वाले इस मेमू ट्रेन के समय परिवर्तन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रेल यात्री कल्याण समिति डुमरांव के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने कहा कि महीनों से हो रही दैनिक यात्रियों की परेशानियों के मद्देनजर रेल प्रबंधन द्वारा इस ट्रेन का समय परिवर्तन करना स्वागत योग्य कदम है। जिसके लिए विगत दिनों डुमरांव स्टेशन का निरीक्षण करने आए डीआरएम प्रभात कुमार तथा एडीआरएम बीबी गुप्ता से मिलकर ट्रेन के नए समय के कारण यात्रियों को हो रही परेशानी खासकर दैनिक यात्रियों के ससमय अपने कार्यालय व कार्यस्थल पर नहीं पहुंच पाने की समस्या को विस्तृत रूप से रखा गया था तथा इसको पुराने समय पर ही परिचालन करने की मांग की गई थी। जिस पर रेलवे के वरीय अधिकारियों ने इसे जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया था। रेलवे ने सोमवार 12 दिसंबर की शाम अधिसूचना जारी कर दिया। जिसके अनुसार 13209 अप मेमू ट्रेन अब सुबह 08:40 के बजाय 07:20 में पटना जंक्शन से खुलेगी। वहीं आरा, डुमरांव तथा बक्सर में इसका पहुंचने का समय क्रमशः 08:40, 09:57 और 10:40 बजे है। बक्सर से यह ट्रेन 10:45 में रवाना होकर दोपहर 02: 00 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पहुंचेगी। जहां से 13210 डाउन मेमू बनकर दोपहर 02: 35 में पटना की तरफ प्रस्थान करेगी।

---

विश्वस्तर पर स्तनपान से एक साल में 8 लाख से अधिक बच्चों को मिलता है जीवनदान

# स्तनपान में छिपा नवजात का बेहतर स्वास्थ्य, बढ़ती है रोग प्रतिरोधक क्षमता

**केटी न्यूज/बक्सर**

- डायरिया एवं निमोनिया से करता है शिशुओं का बचाव
- संक्रमण से होने वाली 88 प्रतिशत बाल मृत्यु में बचाव संभव

नवजात शिशुओं की बेहतर देखभाल में स्तनपान की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इसको लेकर सभी स्वास्थ्य केन्द्र में बच्चों के जन्म के तुरंत बाद स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा माताओं को इसकी जानकारी देकर जागरूक किया जाता है। स्वास्थ्य केन्द्रों में होने वाले प्रसव के बाद नर्स एवं चिकित्सकों द्वारा एक घंटे के भीतर शिशु को स्तनपान सुनिश्चित कराने पर अधिक जोर दिया जाता है। अस्पताल से डिस्चार्ज होने पर माताओं को 6 माह तक केवल स्तनपान कराये जाने के विषय में विशेष परामर्श भी दिया जाता है।



बेहतर स्तनपान करता है डायरिया एवं निमोनिया से शिशुओं का बचाव : अस्पताल में उपस्थित चिकित्सक व नर्स द्वारा संस्थागत प्रसव के लिए अस्पताल में उपस्थित अधिक से अधिक लोगों को स्तनपान के फायदों से अवगत कराने पर जोर दिया जाता है। लोगों को बताया जाता है कि शिशु के लिए 1 घन्टे के भीतर माँ का पीला गाढा दूध एवं 6 माह तक केवल स्तनपान बहुत जरूरी होता है। यदि बच्चे को जन्म के पहले घंटे के अंदर माँ का पहला पीला गाढ़ा दूध पिलाया जाये तो ऐसे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। स्तनपान शिशु को डायरिया एवं निमोनिया जैसे गंभीर रोगों से भी बचाव करता है, जो शिशुओं के बेहतर पोषण की बुनियाद होती है। इसलिए जिले के सभी अस्पतालों में दंपत्तियों को शिशुओं के जन्म के बाद छः माह तक केवल स्तनपान कराने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

**डायरिया के मामलों में आती है कमी :** जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राज किशोर सिंह ने बताया कि लेसेंट-2016 कि रिपोर्ट के अनुसार, संक्रमण से होने वाले 88 प्रतिशत बाल मृत्यु दर में स्तनपान से बचाव होता है व शिशुओं में 54 प्रतिशत डायरिया के मामलों में कमी आती है। स्तनपान से शिशुओं में 32 प्रतिशत श्वसन संक्रमण के मामलों में भी कमी आती है। शिशुओं में डायरिया के कारण अस्पताल में भर्ती होने के 72 प्रतिशत मामलों में स्तनपान बचाव करता है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के अनुसार, बेहतर स्तनपान साल में विश्व स्तर पर 8.20 लाख बच्चों की जान बचाता है। इसलिए सभी लोगों को शिशुओं के जन्म बाद पहले घण्टे से छः माह तक केवल स्तनपान कराना चाहिए।

### "माँ" कार्यक्रम स्तनपान को दे रहा बढ़ावा

स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामुदायिक स्तर पर गर्भवती एवं धात्री माताओं के साथ परिवार के अन्य सदस्यों के बीच स्तनपान को लेकर सकारात्मक माहौल तैयार करने के उद्देश्य से मदर एब्सुलेट अफेक्सन प्रोग्राम (माँ कार्यक्रम) का संचालन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत क्षेत्रीय स्तर तक लोगों को आशा, आंगनबाड़ी सेविका, एएनएम द्वारा अधिक से अधिक परिवारों को स्तनपान के बारे में जानकारी दी जा रही है।

## खबरें फटाफट

### विद्युत कनेक्शन की जांच के लिए चलाया गया अभियान

**मऊ।** विद्युत विभाग बकाया बिलों का भुगतान कराने एवं बिना कनेक्शन के विद्युत का उपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है। उपभोक्ताओं को निर्देश दिया गया है कि कनेक्शन लेकर ही विद्युत का उपयोग करें। यदि जांच के दौरान विद्युत चोरी पाई गई, तो विधिक कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में मंगलवार को एसडीओ विद्युत नीरज कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता राजेंद्र यादव, विवेक खरवार, चंद्र भूषण यादव, जितेंद्र यादव, अरविंद कुमार, आरपी सिंह समेत विद्युत विभाग के लाइनमैन ने स्टेशन रोड तथा मोहल्ला से ख्वाडा में कुल 27 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन की जांच की। जिसमें 5 बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन काटते हुए 2 नए मीटर लगाए गए एवं राजस्व के रूप में 436856 रुपए की प्राप्ति की गई।

### शराबी युवक ने की आत्महत्या

**मऊ।** मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के फरीदपुर धर्मा गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि अश्वनी कुमार पुत्र स्व. त्रिभुवन यादव निवासी फरीदपुर धर्मा थाना मोहम्मदाबाद शराबी किस्म का व्यक्ति था। सोमवार की देर रात जब घर नहीं लौटा, तो लोगों ने खोजबीन शुरू कर दी। गांव के लोगों ने बताया कि शराब के नशे में धुत होकर बगीचे की तरफ गया है। जब परिजन बगीचे की तरफ गए, तो देखा कि एक पीपल के पेड़ में गमछे से फांसी का फंदा लगाकर लटका हुआ था। तभी किसी ने पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दियो।

### सड़क दुर्घटनाओं में दो घायल

**बलिया।** कोतवाली क्षेत्र में सोमवार की रात लगभग 9 बजे दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। पहली घटना रसड़ा-बलिया मार्ग के अमहर चट्टी के समीप हुई जब अज्ञात वाहन ने साईकिल सवार दिलीप कुमार उपाध्याय निवासी चिंतामणिपुर को टक्कर मारकर भाग निकली। इसी समय दूसरी घटना नगर के भगत सिंह तिराहे के समीप एचडीएफसी बैंक के सामने हुई जब तेज रफ्तार ट्रक बाइक सवार प्रमोद गुप्ता निवासी संवरा को टक्कर मारते हुए भाग निकला। घायल दोनों व्यक्तियों को तत्काल रसड़ा अस्पताल पहुंचाया गया जहां से दोनों को रेफर कर दिया गया।

# मु. हसन कॉलेज, जौनपुर ने इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता जीता खिताब

केटी न्यूज/गाजीपुर

- व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों का विशेष महत्व है - केएन शर्मा

स्वामी सहजानंद पीजी कॉलेज के ग्राउंड पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय की अन्तर्महाविद्यालयीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज मु. हसन कालेज, जौनपुर की टीम ने मेजबान सहजानंद कालेज गाजीपुर की टीम को एक आसान मुकाबले में हरा कर चैंपियनशिप ट्राफी अपने नाम कर ली। फाइनल मुकाबले में मो. हसन ने टॉस जीता तथा पहले बल्लेबाजी करते हुए एक विकेट पर 116 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाया।

सहजानंद कालेज गाजीपुर की टीम प्रारम्भ तो इस लक्ष्य का पीछा करती दिखी पर अंततः 15 ओवर में छह विकेट पर 38 रन ही बना सकी. इस प्रकार मो. हसन की टीम ने 78 रन से फाइनल जीत कर चैंपियन ट्राफी पर कब्जा कर लिया।


वितेजा खिलाड़ियों के साथ अतिथिगण


उपवितेजा खिलाड़ियों के साथ अतिथिगण

इसके पहले सूर्यबली महाविद्यालय तथा मो. हसन महाविद्यालय जौनपुर के बीच खेला गया सेमी फाइनल मैच मु. हसन की टीम ने जीता। इसके पहले मो. हसन कालेज ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का निर्णय लिया तथा 15 ओवर में पांच विकेट पर 103 रन बनाए। मो. हसन के स्कोर में उनकी स्टार बल्लेबाज भावना राठौर की 42 बॉल पर 53 रन का विशेष योगदान रहा। जवाब में सूर्यबली महाविद्यालय की टीम दो विकेट पर 87 रन ही बना सकी।

प्रतियोगिता की समाप्ति के पश्चात महाविद्यालय के पूर्व सचिव कवींद्र नाथ शर्मा तथा प्राचार्य प्रो. वीके राय ने विजेता तथा उपजेता टीम टीम को पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री कवींद्र नाथ शर्मा ने कहा कि व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों का विशेष महत्व है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पठन पाठन के साथ ही खेलों में रुचि लेने को प्रेरित किया।

# 92 लाख की हेरोइन के साथ बिहार के दो ड्रग पैडलर समेत 3 गिरफ्तार


जानकारी देते एसपी व गिरफ्तार तस्कर

केटी न्यूज/गाजीपुर

जनपद के दिलदार नगर थाना की पुलिस ने सोमवार की देर शाम भारी मात्रा में हेरोइन के साथ तीन तस्करों को पकड़ा है। जिनसे 915 ग्राम हेरोईन बरामद की गई। बरादम की गई हेरोइन की कीमत 92 लाख बतायी जा रही है।

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ओमवीर सिंह ने बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपितों में से दो बिहार राज्य के है और एक यूपी है। जिनमें बक्सर जनपद के औद्योगिक थाना क्षेत्र के सारीपुर निवासी स्व. नूर हशन का बेटा अब्दुल खां उर्फ रिंकू, भभुआ (कैमूर) जनपद के दुर्गावती थाना अंतर्गत डुमरी निवासी शब्बीर खां का बेटा नौरेज खां तथा गाजीपुर जनपद के जमानिया थाना क्षेत्र के मुहम्मदपुर निवासी अब्बास खां का बेटा अरशद खां शामिल हैं। तीनों की आपराधिक कुंडली खंगालने के बाद पता चला कि तीन पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। उसके बाद भी ये सुधरे नहीं। सभी को मुखबीर की सूचना पर उनि जितेन्द्र कुमार मय फोर्स द्वारा कुशी तिराहा वहद ग्राम कुशी बफासला से तीन किमी दक्षिण पश्चिम से पकड़ा गया है।

जिसके बाद उनकी तलाशी ली गई। इनमें अब्दुल के पास से 255 ग्राम, अभियुक्त अरशद खां के पास से कुल 320 ग्राम व अभियुक्त नौरेज खां के पास से कुल 340 ग्राम कुल माल 915 ग्राम नाजायज हेरोईन बरामद हुआ है। जिसके बाद हेरोइन को जब्त करते हुए तीनों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया गया।

## सोमवार को बघरी नहर के समीप मिला था शव, हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

# खुलासा: प्रेमिका से मिलने के लिए पहुंचे अजय यादव की लोहे के पाना से मार की गई थी हत्या

- मृतक की प्रेमिका के भाई ने दोनों को मिलते देख लिया था
- तीनों भाइयों को बुला अजय की हत्या की और नहर के समीप फेंका शव

केटी न्यूज/गाजीपुर

जनपद के जमानिया थाना क्षेत्र में सोमवार को मिले अज्ञात शव के मामले का खुलासा हो गया है। पुलिस ने महज 24 घंटों के अंदर मृतक की शिनाख्त करते हुए उसकी हत्या करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में स्वाट टीम/सर्विलांस सेल व थाना जमानिया की संयुक्त टीम ने पूरे घटना क्रम का खुलासा करते हुए आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। जिसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए दोनों अभियुक्त ओमनाथ यादव व पंकज यादव हैं। जो गोपालपुर के निवासी हैं। पुलिस की संयुक्त टीम


जानकारी देते एसपी व गिरफ्तार आरोपित

दोनों को मुखबीर की सूचना पर देवरिया चट्टी से गिरफ्तार किया गया जो बाहर भागने के प्रयास में थे। गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्ति सगे भाई हैं।

**मृतक के भाई की तहरीर पर कयिा गया था मुकदमा दर्ज :** पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना के बाद मृतक की शिनाख्त के लिए उसकी फोटो सभी थानों में भेजी गई। जिसके बाद उसकी पहचान की जा सकी। तत्पश्चात उसके परजिनों को सूचित किया गया। मामले की जानकारी होते ही मृतक के परिजन वहां पहुंचे और उनसे पूछताछ की गई। मृतक के परिजनों के अनुसार अजय ने कहा था कि वो सोमवार की सुबह घर आएगा। कुछ घंटों बाद उसका मोबाइल नंबर बंद आने लगा। लेकिन उन्हें यह अंजादा नहीं था कि उसकी हत्या हो जाएगी। पूछताछ के बाद मृतक के भाई सुनील यादव के लिखित तहरीर पर जमानिया थाना में हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था।

### पहले की पिटाई, फिर पिकअप में लादकर नहर के पास ले जाकर उतारा मौत के घाट

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतक का नाम अजय कुमार यादव है। जो जनपद के रेवतीपुर थाना के बहोरिक राय पट्टी का रहने वाला था। पेशे से वो पिकअप चालक था। विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि मृतक अजय यादव का अभियुक्त दिनेश यादव की पुत्री के बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा था। 11 दिसम्बर की रात्रि में मृतक पीकअप से गोपालपुर अपनी प्रेमिका से मिलने गया था। जहां उसे युवती से मिलते हुए उसके भाई ने देख लिया था। जिसके बाद ओमनाथ यादव ने अपनी बहन और अजय को रंगे हाथों पकड़ लिया और अपने तीनों भाइयों पंकज, दिनेश व रणजीत यादव को बुलाया। चारों ने मिलकर अजय की बुरी तरह से पिटाई की और उसे बांधकर उसी पिकअप पर लादकर बघरी नदी पर रात में ले गये और वहीं पर उतार कर पिकअप में रखे हुए लोहे के पाना से मारकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद उन्होंने अजय का मोबाइल व पाना को नहर में फेक दिया।

**अजय के मोबाइल नंबर को ट्रेस करने के बाद खुलने लगे राज :** पुलिस अधीक्षक ने बताया कि परजिनों से अजय का नंबर लेने के बाद उसे ट्रेस किया गया। जिसके बाद उसके मोबाइल टावर लोकेशन और किन-किन नंबरों पर बात हुई सब जानकारी मिलने लगी। उसी आधार पर पुलिस ने अपनी जांच आगे बढ़ाई। पुलिस की विवेचना में मिली जानकारी और इलेक्ट्रानिक साक्ष्य के आधार पर अभियुक्तगण दिनेश यादव, ओमनाथ यादव, पंकज यादव, रणजीत उर्फ बब्बन का नाम प्रकाश में आया। जिसके बाद सभी को पकड़ने के लिए पुलिस ने मुखबीरों को लगा दिया। जिनके आधार पर दोनों भाइयों को पकड़ा गया। पूछताछ में दोनों ने हत्या करने की बात स्वीकार की। साथ ही, अभियुक्तों के निशान देही पर मृतक की तोड़कर फेंका गया मोबाइल व घटना में प्रयुक्त लोहे का पाना घटना स्थल से आगे बुढाडीह के पास नहर के अन्दर से बरामद किया गया।

# धान क्रय का जायजा लेने केंद्र पहुंचे निदेशक

- क्रय केंद्रों जांच कर मंडी परषिद के निदेशक ने किसानों से जाना हाल

केटी न्यूज/मऊ

किसानों को अपना धान क्रय केंद्र पर बेचते समय किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो, जिसके लिए सरकार भी पूरी तरह से कटिबद्ध है। इसी क्रम में मंगलवार को निदेशक मंडी परिषद उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ एवं नोडल अधिकारी अंजनी कुमार सिंह आजमगढ़ से मऊ जाते समय दो धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

इस क्रम में वो किसानों की धान खरीद के दौरान मोहम्मदाबाद गोहना



विपणन धान क्रय केंद्र पर जा धमके। इस दौरान धान क्रय केंद्र प्रभारी इसरार अहमद से स्टॉक रजिस्टर, ऑनलाइन रजिस्टर व पेमेंट रजिस्टर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जमालपुर के एक किसान रामलाल जो अपना धान 26 कुंटल सेंटर पर बेच रहे थे उनसे जानकारी प्राप्त की इसी प्रकार बंदी घाट निवासी रामप्रसाद द्वारा 32 कुंटल 20 किलो धान देते समय उनके धान के मानक की जांच की और उनसे समस्या पूछी। दोनों किसानों ने यह बताया कि हम नियमानुसार इसी सेंटर पर धान देते हैं और यहां कोई दिक्कत नहीं होती है। जबकि 139 किसानों के माध्यम से विपणन केंद्र पर 6398 कुंटल 40 किलो धान की खरीद हो चुकी थी। नोडल अधिकारी ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन मिलान किया जो सही पाया गया।

इसके बाद नोडल अधिकारी बनियापार स्थित साधन सहकारी समिति पर पहुंचकर सचिव विवेक सिंह से धान खरीद की जानकारी प्राप्त की। साथ ही, सभी रजिस्टरों को चेक किया। जहां सब कुछ सही पाया गया। निरीक्षण के पश्चात नोडल अधिकारी मंडल मुख्यालय को रवाना हो गए। मौके पर डिप्टी आरएमओ विपुल सिन्हा, एएम अखिलेश यादव समेत संबंधित विभाग के अधिकारी साथ रहे।

# अब जनपद के छह थानों के बहुरेंगे दिन शासन से मिले 10 करोड़ 22 लाख रुपए

केटी न्यूज/बलिया

- बैरकों के डिजाइन के लिए मुख्यालय भेजा गया है प्रस्ताव

बलिया के 6 थानों में चार मंजिला पुलिस बैरक का निर्माण कराया जाएगा। इन बैरकों में महिला सिपाहियों के आवास की सुविधा होगी। बैरकों की डिजाइन क्या होगी, इनमें क्या इंतजाम रहेंगे, इसको लेकर प्रस्ताव प्रदेश मुख्यालय भेजा गया था। जिसे स्वीकृति मिल गई है। शासन ने 10.22 करोड़ रुपए की स्वीकृति दे दी है। इसके बाद सुखपुरा, भीमपुरा, सहतवार, सिकंदरपुर, हल्दी व रेवती थानों में पुलिस बैरक का निर्माण किया जाएगा। पांच थानों में 32-32 सिपाहियों और एक थाने में 40 सिपाहियों की बैरक ट्रांजिट हॉस्टल की तर्ज पर बनेगी। इन थानों में सिपाहियों के आवास जरुरत के अनुसार कम हैं। जिससे सिपाही काफी परेशान होते हैं। कई पुलिसकर्मियों को सरकारी आवास न मिलने पर किराए के मकानों में भी रहना पड़ता है। ऐसे में पुलिस बैरक का निर्माण किए जाने के लिए कार्यदायी संस्था की ओर से डिजाइन और इस्टीमेट तैयार कर इसका राज्य प्रस्ताव मुख्यालय भेजा गया था।



अब स्वीकृत प्रस्ताव के मुताबिक प्रत्येक थाने की पुलिस बैरक ग्राउंड फ्लोर समेत चार या पांच मंजिला होगी। इसमें प्रथम तल पर आठ-दस महिला सिपाहियों के आवास की सुविधा होगी। हर बैरक में सिपाहियों के लिए किचन, बाथरूम और शौचालय का निर्माण भी कराया जाएगा। इसके अलावा अन्य सुविधाओं को भी शामिल किया जाएगा। इससे सिपाहियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। सुखपुरा थाने में 160.49 लाख, भीमपुरा में 156.48 लाख, सहतवार में 156.49 लाख, सिकंदरपुर में 156.50 लाख, रेवती में 196.66 लाख व हल्दी थाने में 196.06 लाख की लागत से बैरक का निर्माण होगा। बलिया एएसपी डीपी तिवारी ने बताया कि जिन थानों की बैरकें पुरानी और स्थान कम था, वहां के लिए प्रस्ताव राज्य मुख्यालय को भेजा गया था। स्वीकृति मिली है। जल्द इसका निर्माण शुरू कराया जाएगा।

## जनपद में तीन दवसीय सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन, डीएम ने उद्घाटन कर कहा-

# लुप्त होती विधाओं को फिर से जीवित करना सरकार का मुख्य उद्देश्य

- कलाकारों ने बारी-बारी से अपने टीम के साथ कलाओं का किया जोरदार प्रदर्शन

केटी न्यूज/बलिया

सांस्कृतिक विभाग उत्तर प्रदेश के निर्देश पर सूचना विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। बिरहा लोकगीत


कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद लोगों को जानकारी देतीं डीएम

कलाकार रामभरोसा यादव ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम में जिले से आए सभी कलाकारों ने बारी-बारी से अपने टीम के साथ अपने कलाओं का जोरदार प्रदर्शन दिखाया। इसमें लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वादन, आदिवासी नृत्य, आल्हा गायन, लोक नाट्य, रामलीला, रासलीला, भजन एवं कीर्तन ललित कला भी प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में जिला सूचना अधिकारी अनुराग रंजन, प्रधान सहायक मो. फजलुर्रहमान, मददगार देश दीपक यादव, कम्प्यूटर ऑपरेटर अरुण कुमार, उदित नारायण सिंह, प्रभुनाथ, हरिश चन्द्र एवं अभिषेक सिंह आदि उपस्थित रहे।

### तीन दिवसीय सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का किया जा रहा है आयोजन

डीएम ने कहा कि सांस्कृतिक विभाग की तरफ से आजादी के अमृत महोत्सव पर पूरे जिले में तीन दिवसीय सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले के कलाकारों का चयन किया जाएगा। सरकार की मंशा है कि लुप्त होती विधाओं को फिर से पुनर्जीवित किया जाए। सांस्कृतिक प्रतिभा खोज उसी दिशा में एक प्रमुख पहल है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वादन, आदिवासी नृत्य, आल्हा गायन, लोक नाट्य, रामलीला, रासलीला, भजन एवं कीर्तन ललित कला आदि शामिल है।

**कलाकारों को वाद्ययंत्र व संगतकताओं के साथ लेना है भाग :** डीएम ने कहा कि समस्त कलाकारों को अपने वाद्ययंत्र एवं संगतकताओं के साथ आयोजन में भाग लेना है। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल द्वारा कलाकारों की प्रस्तुति के आधार पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय श्रेणी में पंजीकृत किया जाएगा। चयन के आधार पर कलाकारों को सांस्कृतिक विभाग उत्तर प्रदेश की ई-डायरेक्ट्री में पंजीकृत किया जाएगा तथा उनको क्यूआर कोड बेस्ट पहचान पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। समस्त कलाकारों को पंजीकरण के आधार पर ही आगामी कार्यक्रमों एवं सरकारी आयोजनों में प्रस्तुति का अवसर प्रदान किया जाएगा।

# देश के विकास में करदाताओं का योगदान अहम: लियाकत

**बलिया।** वित्तीय वर्ष 2022-23 में अग्रिम कर की तीसरी किस्त जमा करने के आखिरी सप्ताह के अवसर पर आयकर विभाग बलिया अपने क्षेत्र के सभी आयकर दाताओं में जागरुकता फैलाने के लिए अग्रिम कर-समय पर कार्यक्रम का आयोजन आयकर कार्यालय, बलिया के सभागार में किया गया।

जिसमें अपर आयकर आयुक्त, रेंज -1, वाराणसी लियाकत अली आफाकी ने कहा कि आपके टैक्स से ही देश का विकास हो रहा है। अगर आप अग्रिम टैक्स नहीं देंगे तो इतनी सुंदर सड़क कैसे बनेगी। देश के विकास में एक-एक आयकरदाता का योगदान है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह था कि सभी आयकरदाता अपनी आय का सही आकलन कर तीसरे त्रैमासिक हेतु अग्रिम कर समय पर अर्थात 15 दिसंबर, 2022 तक समुचित भुगतान कर सकें। इस कार्यक्रम में लियाकत अली आफाकी, अपर आयकर आयुक्त, रेंज -1, वाराणसी, अनिरुद्ध कुमार श्रीवास्तव, आयकर अधिकारी बलिया ने अग्रिम कर-समय पर विषय पर प्रकाश डाला। आयकर आयुक्त ने कहा कि जैसे कमाओ-वैसे चुकओ जैसा कराधान है अर्थात अपने देय आयकर को प्रत्येक तिमाही में अग्रिम रुप में ही जमा कर दें। सीए जेपी सिंह ने पोर्टल सम्बधी समस्याओं का जिक्र किया, उनका संतोषजनक जवाब दिया।

CMYK